भीम BHIM

राजस्थान सरकार
वन विभाग

क्रमांकः प. 1 (32) वन/2021 जयपुर, दिनांकः— 10 AUG 2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर।

विषयः—Diversion of 0.6275 ha. of forest land in favour of Dinesh Engineers Limited for Laying of Underground Optical Fiber Cable along the Khairwara - Jhadol road within the existing ROW from KMS - 0/0 to KMS 80.000 Km, District - Udaipur (Raj.)

संदर्भः—आपका पत्रांक एफ 14(OFC)2020/एफसीए/प्रमुवस/5836 दिनांक 03.05.2023 (Proposal No. FP/RJ/OFC/49989/2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Dinesh Engineers Limited (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा—2 में OFC Cable Line हेतु 0.6275 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई थी। इस कम में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 23.03.2021 द्वारा प्रसारित सैद्धान्तिक स्वीकृति के अनुसरण में अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एव नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम, राजस्थान पत्रांक 14(OFC)2020/एफसीए/प्रमुवस/5836 दिनांक 03.05.2023 द्वारा अनुपालना प्रेषित कर विधिवत स्वीकृति जारी किये जाने की अनुशंषा की गयी है।

प्रेषित अनुपालना पर विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत धारा—2 में सामान्य स्वीकृति बाबत् जारी दिशा निर्देशों की पालना में Diversion of 0.6275 ha. of forest land in favour of Dinesh Engineers Limited for Laying of Underground Optical Fiber Cable along the Khairwara - Jhadol road within the existing ROW from KMS - 0/0 to KMS 80.000 Km, District - Udaipur की विधिवत स्वीकृति बिना किसी वृक्ष के पातन सहित निम्न शर्तों के अध्यधीन प्रदान की जाती है:—

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओ को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षैत्र में रोपित किए जाने वाले को वृक्षो वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नहीं काटा जावे। उक्त क्षैत्र में रोपित पेड परिपक्व होने पर, वन विभाग के होगे।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस—पास मजदूरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नहीं लगाया जावेगा।

Signature valid
Digitally signed by Monali Sen
Designation : Deputy Conservator of Forest
Date: 2023.07.14 13:47:18 IST
Reason: Approved

कार्यालय पताः— वन विभाग कार्यालय , कमरा नम्बर 8324 , उत्तरी भवन, शासन सचिवालय, राजस्थान जयपुर,
दूरभाष संख्या— 0141—2227762 Mail ID ads.forest@rajasthan.gov.in

RajKaj Ref No. : 4284421

6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/केरोसिन तेल आपूर्ति की जायेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस–पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशों का पालन करेगा।
9. राज्य सरकार द्वारा दी गई उक्त अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
10. सैद्वांतिक स्वीकृति दिनांक 23.03.2021 में वर्णित शर्तो की सभी सम्बन्धित द्वारा पूर्ण पालना सुनिश्चित की जायेगी।
11. नोडल अधिकारी (वन संरक्षण) इस प्रस्ताव की स्वीकृति के अगले माह की 5 तारीख को संबंधित क्षैत्रीय कार्यालय को मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करे।
12. प्रस्ताव में निहित किसी भी निर्धारित शर्त की अनुपालन नहीं होने अथवा असंन्तोषजनक अनुपालन होने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

भवदीया,

(मोनाली सेन)
विशेषाधिकारी, वन

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अपर वन महानिदेशक–वन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इन्दिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोर बाग रोड, नई दिल्ली–110003
2. अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर कक्ष संख्या सी–405 एवं सी–406, अरण्य भवन झालाना, जयपुर।
3. अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन सुरक्षा एवं नोडल अधिकारी एफ.सी.ए, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस प्रकार के प्रकरणों में जारी की गई स्वीकृतियों की मासिक सूचना संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक प्रेषित की जावे।
4. मुख्य वन संरक्षक, उदयपुर।
5. उप वन संरक्षक, उदयपुर।
6. Dinesh Engineers ltd. DEPL House, Neighnourhood shopping complex, Sector-4, Nerul-W, Nevi Mumbai, 400706.
7. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by [illegible] Sen
Designation : Deputy Conservator
Of Forest
Date: 2023.07.14 [illegible]3:47:18 IST
Reason: Approved

विशेषाधिकारी

कार्यालय पताः– वन विभाग कार्यालय , कमरा नम्बर 8324 , उत्त[illegible] भव[illegible]य, राजस्थान जयपुर,
दूरभाष संख्या– 0141–2227762 Mail ID ads.forest@rajas[illegible]

RajKaj Ref No. : 4284421